संसद सदस्यों ने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में श्रीमती सरोजिनी नायडू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 13 फरवरी, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में श्रीमती सरोजिनी नायडू की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री मल्लिकार्जुन खरगे; राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश, संसद सदस्यों और पूर्व सदस्यों ने भी इस अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्रीमती सरोजिनी नायडू की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रीमती सरोजिनी नायडू को पुष्पांजलि अर्पित की।

श्रीमती सरोजिनी नायडू के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 16 दिसंबर, 1959 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में किया था।